**SAMPLE QUESTION PAPER 2023**

**PART -11 HINDI**

**HSE-1**

**Max mark 80**

**Time -2.30 hrs**

**Coolofftime-15minutes**

**सूचना -एक से पांच तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्टक से चुनकर लिखे** –

(1×5)=5

1.पत्थर की बेंच किसकी रचना है?

(जयशंकर प्रसाद,चंद्रकांत देवताले,पवन करण)

2.हेमा किस कहानी का पात्र है?

(,अनुताप, अपराध, दुख)

3. मधुऋतु कितने दिन के लिए आ गई ?

( दो, तीन ,एक )

4.किस का स्वपन जल के बुलबुले के समान ?

( का,आदमी का ,सूरज का)

5. अनुताप किस विधा की रचना है?

(कहानी ,लघु कथा , नाटक )

**सूचना-कविता हमसे पड़े और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखे-**

आशा से अंकूर झूलेगे
पल्लव पुलकित होंगे,
मेरे किसलय का लघुभव यह
आह खलेगा किनको ?
सिहर भरी कंपनी आवेगी
मलयानिल की लहरें
चुंबन लेकर और जगाकर-
मानस नयन नलिन को ।

6. सिहर भरी कंपती आवेगी -कौन ? (1 )

(किसलय , मधु ऋतु, मलयानिल की लहरे)

7.”आंख “ समानार्थी शब्द कविता से चुनकर लिखे । (1)

( पल्लव ,नयन, मानस)

8. कवितांश का आस्वादन टिप्पणी लिखें? (6)

**सूचना:9: से 12: तक के प्रश्नों में से किन्ही तीन के उत्तर लिखें?**
**(3×2=6)**

9.पत्थर की बेंच के लिए भी शुरू हो सकता है किसी दिन

हत्याओं का सिलसिला-

पत्थर की बेंच के लिए क्या शुरू हो सकता है ?

10. “हमसब चाहे तो आनंद और सुख की रश्मियाँ बिखेर कर दुनिया के दुख को कुछ- न - कुछ हल्का ज़रूर कर सकते हैं” लेखक के अनुसार दुनिया के दुख को कई से हल्का कर सकते ?

11.हेमा क्यों रुढ कर अपनी मां के घर चली गई?

12.”अपराध “कहानी के बड़ा भाई कैसा ?

**सूचना:13 से 16 तक के प्रश्नों से किन्हीं तीन के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें।**
**( 3×4=12)**

13.जीवन वृत्त के आधार पर प्रमुख कवि पावन करण के बारे में अनुच्छेद लिखें।

जीवनवृत्त

नामः पवन करण

जन्मः 18 जून, 1964 , ग्वालियर , मध्यप्रदेश

प्रमुख रचनाएं : इस तरह मैं, स्त्री मेरे भीतर, अस्पताल के बाहर टेलिफोन

पुरस्कार : रामविलास शर्मा पुरस्कार , वागीश्वरी सम्मान

विशेषताएं : नित्य जीवन के प्रकरणों से काव सत्ता को समेटने की अतिशय क्षमता

14. रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चांद

आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है ।

उल्झने अपनी बनाकर आप ही फंसता,

और फिर बेचैन हो जगता न सोता है ।

कवितांश का आशय लिखें ?

15.दोहा पढें और भावार्थ लिखें ।

बुरा जो देखन में चला,बुरा न मिलिया कोय।

जो दिल खोजों आपना, मुझसा बुरा न कोय ॥

16.जुलूस नाट्य रुपातर के यह कथन पढें मैकू  के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

* मर तो हम लोग रहे जिनकी रोटियों का ठिकाना नहीं ।

*हमारा बड़ा आदमी तो वही है जो लंगोटी बांधे नंगे पाव घूमता है।

*.उसके आगे हमें किसी बड़े आदमी की परवाह नहीं ।

**सूचनाः गध्याश पढे और 17 से 18 तक के प्रशनो के उत्तर लिखे ।**

एक बूढा आदमी जिसके बाल सफेद हो गए थे ,जमीन खोद रहा था ।

एक नौजवान , जो वहाँ से गुजर रहा था उस बुजुर्ग को परिश्रम करते देख पूछा" बाबा यह का कर रहे हो।" ?

" आम की गुठलियाँ बो रहा हूँ" बूढे ने कहा।

"इस उम्र में ? इसके फल कठ खाओगे बाबा ?"

"मैं फल नहीं खा सकता तो का हुआ , तुम तो खा सकोगे। ? मेरे - तुम्हारे नाती पोती तो खाएंगे ? देखो वह अमराई मेरे दादा ने लगाई थी तो उसके फल मैंने खाळ। इसके फल मेरे नानी पोती खाएंगे।"

17. नौजवान के सवाल का बूढा ने क्या जवाब दिया? (1)

18. गद्यांश का संक्षेपण करें । (6)

**सूचनाः 19 से 22 तक के प्रश्नों में किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।**
**( 3×6=18)**

19.अंग्रेजी संवाद का हिंदी में अनुवाद करें

Jeevan: Hello Jeena ,how are you?

Jeena:. I am fine, what about you?

Jeevan: I am also fine and busy too.

Jeena: why ?

Jeevan: I am busy because of online classes

Jeena: okay, I will call you tomorrow .

Jeevan: okay, bye .

20.आपकी स्कूल में सितंबर 14 को हिंदी दिवस मना रहे हैं । इस अवसर पर जुलूस नाट्य रूपांतर का मंजीकरण होने वाला है ।इसके लिए एक आकर्षक पोस्टर तैयार करें?

21.मिट्टी के तेल की ढिबरी के प्रकाश में देखा वह दृश्य उनकी आंखों के सामने से न हटता था । उस दिन की दिलीप की डायरी लिखें ।

* बच्चे से भेंट
* माँ की परेशानी
* माँ-बेटे का प्यार
* असली दुख की पहचान और तुलना

22.असलम की मृत्यु की खबर सुनकर यात्री बहुत दुखी  हुए ।घर पहुंच कर यात्री अपनी पत्नी से इसके बारे में बातें करता है ।वह बातचीत तैयार करें।

* रोज की तरह दफ्तर की यात्रा
* असलम की मृत्यु की खबर सुनना
* अपने व्यवहार से उत्पन्न पश्चाताप

**सही मिलान करें** (1×8=8)

23. Editing- सहेजें

Process – रद्दकरें

public – ईक्षण

search – अंतर्जाल

cancel – प्रक्रिया

Format – सार्वजनिक

Internet – खोज

Save - प्रारूप

**सूचनाः 24 से 27 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें**

**(2×8=16)**

24.किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

* कथासार

*निदेशक की भूमिका

* पात्रों का अभिनय

* समग्रता

25.स्कूल के आसपास के दुकानों में नशीले पदार्थों की बिक्री के बारे में शिकायत करने पर भी कोई फायदा नहीं हुआ । इस विषय पर की गई कार्रवाई की जानकारी पाने के लिए सतीश, सदस्य , अध्यापक- अभिभावक संघ कोल्लम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, नारकोटिक विभाग, केरला सरकार के नाम एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

26. संतोष फार्मेसी की ओर से नए साबुन बाजार में आया है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए विज्ञापन तैयार करें |

* दिनभर की ताजगी

* कीटाणुओं से मुक्ति

* कस्तूरी हल्दी चंदन का मिश्रण

* केसर के फूल के गुण युक्त

27.विश्व मधुमेह दिन( world diabetes day) पर स्कूल के हेल्थ क्लब द्वारा व्यायाम का महत्व इस विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है । संगोष्ठी में प्रस्तुत करने के लिए एक आलेख तैयार कीजिए ।

* आधुनिक जीवन शैली

* व्यायाम का अभाव

* बीमारी से पीड़ित नई पीढी

* व्यायाम स्वास्थ्य के लिए उत्तम

**Prepared by**

**DEEPA AR  HSST Hindi GHSS MARANCHERY**

**DEEPA TS  HSST Hindi  GB HSS TIRUR**

**GIGI V D  HSST Hindi GHSS C U CAMPUS**

**SALIM JOSEPH HSST Hindi MES HSS PONNANI**

**SANGEETA V M HSST Hindi DG HSS TANUR**

**ABDUNNASER T HSST Hindi GHSS MOOKUTHALA**

**SALEENA S R HSST Hindi PKMM HSS EDARIKKODU**